S- ब्लॉक तत्व

परिचय :

आवर्त सारणी में s- ब्लॉक के तत्व के तत्व है। जिनमें अतिंम अर्तिम इलेक्ट्रॉन बाह्यतम s- कक्षक में अधिकतम दो ही इलेक्ट्रॉन हो सकते है। अतः केवल दो ही वर्ग (1तथा 2) s- ब्लॉक तत्वों के अतर्गतं आते है प्रथम वर्ग के तत्व है लीथीयम (Li), सोडियम (Na), पोटेशियम (K), रूबीडियम (Rb), सीजियम (Cs) एवं फ्रेन्सिस (Fr) सामान्य रूप से ये तत्व क्षार धातुओं के रूप मे जोन जाते है। चूंकि ये जल के साथ अभिकिया करके क्षारीय प्रकृति के हाइड्रॉक्साइड बनाते है इसलिए इन्हे क्षार धातुएँ कहते है। द्वितीय वर्ग के तत्व है। बेरीलियम (Be), मेग्नीशियम (Mg), कैल्सियम (Ca), स्ट्रान्शियम (Sr), बेरियम (Ba), एवं रेडियम (Ra), । बेरीलियम के अतिरिक्त शेष तत्व क्षारीय मृदा धातुओं के नाम से जाने जाते है। चूंकि इनके ऑक्साइड एवं हाइड्राक्साइड की प्रकृति क्षारीय होती है। एवं ये ऑक्साइड सामन्यमतः भू –पर्पटी (Earth Crust) मे मिलते है। इसलिए इन्हे क्षार मृदा धातु कहते है।

क्षार धातुओं मे सोडियम एवं पोटेशियम प्रचुर मात्रा में मिलते है। जबकि लीथियम, रूबीडियम एवं सीजियम अल्प मात्रा में पाए जाते है। फ्रेन्सियम एक अति रेडियों सक्रिय तत्व हैं । फ्रेन्सियम के अधिकतम दीर्घ आयु वाले समस्थानिक ^{223}Fr के लिए अर्ध आयु मात्र 21 मिनट है। क्षारीय मृदा धातुओ की भू –पर्पटी मे उपस्थिति के आधार पर कैल्सियम तथा मैग्नीशियम का स्थान क्रमशः पाचवां तथा छठवां है। स्ट्रॉन्शियम एवं बोरियम की उपलब्धता बहुत कम हैं बेरीलियम एक दुर्लभ धातु हैं जबकि रेडियम की मात्रा आग्नेय शैल मे केवल 10^{-10} प्रतिशत है।

क्षार धातुओं का सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास [उत्कृष्ट गैस] ns^1 तथा क्षारीय मृदा धातुओं का विन्यास [उत्कृष्ट गैस] ns^2 है। लीथियम एवं बेरीलियम, जो क्रमशः वर्ग 1 व वर्ग 2 के प्रथम तत्व है। के कुछ गुण इन

वर्गो के अन्य तत्वों से भिन्न होते है। इस असंगत व्यवहार के कारण दोनों तत्व अपने ठीक आगे वाले वर्ग के दूसरे तत्वों से गुणाों के समानताएँ प्रदर्शित करते है। लीथियम के बहुत से गुण ऐलुमीनियम के गुणों के समान है। इस प्रकार की विकर्ण संबंध (Diagonal Relationship) के रूप मे संदर्भित की जाती है । तत्वों के आयनिक आकार या उनके आवेश / त्रि.ज्या अनुपात का समान होना ही विकर्ण संबंध का मुख्य आधार हैं । एकल संयोजी सोडियम तथा पोटैशियम आयन जैव तरलों मे बहुतायत मे पाऐ जाते है। ये आयन जैवीय क्रियाओं जैसे – आयन का संतुलन (Maintenacde Of lon Balance) और शिरा आवेग संचरण (Nerve impules Conduction) अदि मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

वर्ग 1 के तत्व : क्षार धातुएँ

क्षार धातुओं के रासायनिक तथा भौतिक गुणों मे परमाणु क्रमांक के साथ एक नियमित प्रवृति पाई जाती है। इन तत्वों के परमाण्वीय भौतिक तथा रासायनिक गुणों का विवेचन यहॉ किया जा रहा है।

क्षार धातुओं के रासायनिक तथा भौतिक गुण

Property	Lithium Li	Sodium Na	Potassium K	Rubudium Rb	Caesium Ca	Francium Fr
परमाणु क्रमांक	3	11	19	37	55	87
परमाणु द्रव्यमान ($g\ mol^{-1}$)	6.94	22.99	39.10	85.74	132.61	(223)
इलेक्ट्रॉनिक विन्यास	[He] $2s^1$	[Ne] $3s^1$	[Ar] $4s^1$	[Kr] $5s^1$	[Xe] $6s^1$	[Rn] $7s^1$
आयनन एन्थेल्पी (I)/ $KJ\ mol^{-1}$	520	496	419	403	376	–375
जलयोजन एन्थेल्पी (KJ/mol^{-1})	–506	–406	–330	–310	–276	–
धात्विक त्रिज्या / pm	152	186	227	248	265	–
आयनिक त्रिज्या M^{2+}/pm	76	102	138	152	167	(180)
ग्लनांक / K	454	371	336	312	302	–
क्वथनांक /K	1615	1156	1032	961	944	–
घनत्व $g\ cm^{-3}$	0.53	0.97	0.86	1.53	1.90	–
मनक विभव $E^{(-)}$ / V for	–3.04	–2.714	–2.925	–2.930	–2.927	–
स्थल मंडल मे प्राप्ती	18*	2.27**	1.84**	78 –12*	2–6*	-10^{-18}*

*ppm (Part per million) **Percentage by weight

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास

सभी क्षार धातुओं के तत्वों मे एक संयोजी इलेक्ट्रॉन होता है। तथा अतिंम दूसरे कोश की उत्कृष्ट गैस की संरचना होती हैं इन तत्वों के बाह्यतम कोश मे उपस्थित s- इलेक्ट्रॉन को आसानी से त्यागने के कारण ये अत्यधिक धनविधुतीय तत्व एक संयोजी आयन M^+ देते है। अतः ये प्रकृति मे मुक्त अवस्था में नही पाए जाते है।

परमाण्वीय तथा आयनिक त्रिज्या :

क्षार धातुओं का आकार आवर्त सारणी के किसी विशेष आवर्त मे सर्वाधिक होता है। परमाणु क्रमांक मे वृद्धि होने के साथ–साथ परमाणु का आकार बढ़ता जाता है। एकसंयोजी आयन (M^+) का आकार उसके जनक परमाणु के आकार की तुलना में कम होता है। क्षार धातुओं की परमाण्वीय तथ आयनिक त्रिज्या वर्ग के ऊपर से नीचे जाने पर बढ़ती जाती है। अर्थात इनका आकार Li से Cs तक बढ़ता है।

आयन एन्थैल्पी

क्षार धातुओं के आयनन एंथैल्पी का मान बहुत कम होता है। यह वर्ग मे लीथियम से सीजियम की ओर नीचे जाने पर कम होता जाता हैं इसका कारण यह हैं कि बढ़ते हुए नाभिकीय आवेश की तुलना में बढ़ते हुए परमाणु आकार का प्रभाव अधिक हो जाता है। तथा बाह्यतम इलेक्ट्रॉन नाभिकीय आवेश द्वारा भली भाति परिलक्षित होते है।

जलयोजन एंथैल्पी

क्षार धातुओं की जलयोजन एंथैल्पी आयनिक आकार के बढ़ने पर घटती जाती है।

$Li^+ > Na^+ > K^+ > Rb^+ > Cs^+$

Li की जलयोजन की मात्रा अधिकतम होती है। इसीलिए लीथियम के अधिकांश लवण (उदाहरणार्थ $-LiCI.2H_2O$) जलयोजित होते है।

भौतिक गुण

क्षार धातुएँ बहुत ही नरम हल्की तथा चांदी के समान श्वेत होती है। बड़ा आकार होने के कारण इनका घनत्व कम होता है। जो लीथियम से सीजियम की और नीचे जाने पर कम होता जाता है। यद्यपि पोटैशियम धातु सोडियम की तुलना मे हल्का होता है। क्षार धातुओं के गलनांक एवं क्वथनांक कम होते है। जो इन धातुओं के एकसंयोजी इलेक्ट्रॉन की उपस्थिति के कारण इनके बीच दुर्बल धात्विक बंध को दर्शाते है। क्षार धातुएँ तथा इनके बीच दुर्बल धात्विक बंध को दर्शाते है। क्षार धातुएँ तथा इनके लवण ऑक्सीकारक ज्वाला को अभिलाक्षणिक रंग प्रदान करते है। इसका कारण यह हैं कि ज्वाला की ऊष्मा इनके बाह्यतम इलेक्ट्रॉन पुनः अपनी तलस्थ अवस्था मे आता है। तो दृश्य क्षेत्र मे विकिरण उत्सर्जन के कारण ज्वाला को रंग प्रदान करता है। ऑक्सीकारक ज्वाला को मिले रंग इस सारणी मे दर्शाये गए है।

धातु	Li	Na	K	Rb	Cs
श्रंग	किरमिजी लाल	पीला	बैगनी	लाल बैगनी	नीला
λ / nm	670.8	589.2	765.5	780.0	455.5

अतः क्षार धातुओं को इनके ज्वाला परीक्षण के द्वारा पहचाना जा सकता है। तथा इनकी सांद्रता का निर्धारण ज्वाला प्रकाशमापी (फ्लेम फोटोमीट्री) अथवा परमाण्वीय अवशोषण स्पेक्ट्रोमिति (एटॉमिक ऐब्जॉर्प्शन स्पेक्ट्रोस्कोपी) द्वारा किया जा सकता है। इन तत्वों को जब प्रकाश द्वारा विकरित किया जाता है। तब प्रकाश अवशोषण के कारण इलेक्ट्रॉन का परित्याग करते है इसी गुण के कारण सीजियम तथा पोटैशियम का प्रयोग क्रमशः विद्युत सेल इलेक्ट्रोड के रूप मे किया जाता है।

रासायनिक गुण

बंड़े आकार तथा कम आयनन एंथैल्पी के कारण धातुएँ अत्यधिक कियाशीलता वर्ग के ऊपर से नीचे क्रमशः बढ़ती जाती है।

० वायु के साथ अभिकियाशीलता :

क्षार धातुएँ वायु की उपस्थिति मे मलिन हो जाती है। क्योकि वायु की उपस्थिति मे इनपर ऑक्साइड तथा हाइड्रॉक्साइड की परत बन जाती है। ये ऑक्सीजन मे तीव्रता से जलकर ऑक्साइड बनाती है। लीथियम और सोडियम क्रमशः मोनोऑक्साइड तथा पराऑक्साइड का निर्माण करती है। जबकि अन्य धातुओं द्वारा सुपर ऑक्साइड आयन का निर्माण होता है। सुपर ऑक्साइड आयन LO_2- बड़े धनायनों जैसे k^+, Rb^+ तथा Cs^+ की उपस्थिति मे स्थायी होता है।

$4Li + O \rightarrow 2Li_2O$ (ऑक्साइड)

$2Na + O \rightarrow Na_2O_2$ (अपरॉक्साइड)

$M + O_2 \rightarrow MO_2O_2$ (सुपर ऑक्साइड) (M=K, Rb, Cs)

इन सभी ऑक्साइडों मे क्षार की ऑक्सीकरण अवस्था +1 होती है। लीथियम अपवादस्वरूप वायु मे नाइट्रोजन से अभिकिया करके नाइट्राइड, Li_3N बना लेता है। इस प्रकार लीथियम भिन्न स्वभाव दर्शाता है। क्षार धातुओं को वायु एवंज ल के प्रति उनकी अति सकियता के कारण साधारणतया कैरोसिन मे रखा जाता है।

० जल के साथ अभिकियाशीलता :

क्षार धातुएँ जल के साथ अभिकिया करके डाइहाइड्रोजन बनाती है।

$$2M + 2H_2O \rightarrow 2M^+ + 2OH^- + H_2$$

यद्यपि लीथियम के E का मान अधिकतम ऋणायत्मक होता है। परन्तु जल के साथ इसकी अभिकियाशीलता सोडियम की तुलना मे कम है , जबकि सोडियम के E का मान अन्य क्षार धातुओं की अपेक्षा न्यून ऋणात्मक होता हैं लीथियम के इस व्यवहार का कारण इसके छोटे आकार तथा जलयोजन ऊर्जा का होना है। अन्य क्षार धातुएँ जल के साथ विस्फोटी अभिकिया करती है। ये क्षार धातुएँ प्रोटॉनदाता (जैसे एल्कोहॉल, गैसीय, अमोनिया, ऐल्काइन आदि) से भी अभिकियाएँ करती है।

० डाइहाइड्रोजन से अभिकियाशीलता :

लगभग 673k (लीथियम के लिए1073k) पर क्षार धातुएँ डाइहाइड्रोजन से अभिकिया कर हाइड्राइड बनाती है। सभी क्षार धातुएँ के हाइड्राइड ठोस एवं आयनिक होते है। इन हाइड्राइडों के गलनांक उच्च होते है।

० हैलोजन से अभिकियाशीलता :

क्षार धातुएँ हैलोजेन से शीघ्र प्रबल अभिकिया करके आयानिक M^+X बनाती है। हालांकि लीथियम के हैलाइड आशिंक रूप से सहसंयोजक होते है। इसका कारण लीथियम की उच्च ध्रुवण–क्षमता है। (धनायन के कारण ऋणायन के इलेक्ट्रॉन अभ्र का विस्तृत होना 'ध्रुवणता कहलाता है।) लीथियम आयन का आकार छोटा है , अतः यह हैलाइड आयन के इलेक्ट्रॉन अभ्र को विकृत करने की अधिक क्षमता दर्शाता है। चूँकि बडें आकार ऋणायन आसानी से विकृत हो जाता हैं । इसलिए लीथियम आयोडाइड सहसंयोजक प्रकृति सबसे अधिक दर्शाते है।

० अपचायक प्रकृति :

क्षार धातुएँ प्रबल अपचायक के रूप में कार्य करती है। जिनमें लीथियम प्रबलतम एवं सोडियम दुर्बलतम अपचायक है। मानक इलेक्ट्रोड विभव (E) जो अपचायक क्षमता का मापक है। संपूर्ण परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है ।लीथियम आयन का आकार छोटा होने के कारण इसकी जलयोजन एंथैल्पी का मान अधिकतम होता है। जो इसके उच्च ऋणायन E मान तथा प्रबल अपचायक होने की पुष्टि करता है।

० द्रव अमोनिया मे विलयन :

क्षार धातुएँ द्रव अमोनिया मे घुलनशील हैं अमोनिया मे इनके विलयन का रंग गहरा निला होता है। प्रकृति में विद्युत का सुचालक होता है।

$$M + (x+y)\,NH_3 \rightarrow [M(NH_3)_X]^+ + (e(NH_3)_y]^-$$

विलयन का नीला रंग अमोनीकृत इलेक्ट्रॉनों के कारण होता है। जो दृश्यप्रकाश क्षेत्र की संगम ऊर्जा का अवशोषण करके विलयन को नीला रंग प्रदान करते है। अमोनीकृत विलयन अनुचुम्बकीय (Paramaganetic) होता है। जो कुछ समय पडें रहने पर हाइड्रोजन को मुक्त करता है । फलस्वरूप विलयन मे ऐंमाइड बनता है।

$$M^+_{(am)} + e^- + NH_3\,(\ell) \rightarrow MNH_{2(am)} + 1/2\,H_2\,(g)$$

(जहां 'am' अमोनीकृत विलयन दर्शाता हैं) सांद्र विलयन मे नीला रंग ब्रॉन्ज रंग में बदल जाता है। और विलयन प्रतिचुम्बकीय (Diamagnetic) हो जाता है।

क्षार धातुओं के यौगिकों के सामान्य अभिलक्षणः

क्षार धातुओं के सभी यौगिक साधारणतया आयनिक प्रकृति के होते है। इनमें से कुछ यौगिको ं के सामान्य अभिलक्षणों की विवेचना यहॉ की जा रही है। ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड वायु के आधिक्य मे दहन करने पर लीथियम मुख्य रूप से मोनोऑक्साइड Li_2O (एवं कुछ पराक्साइड Li_2O_2) सोडियम पराक्साइड Na_2O_2 (एवं कुछ सुपर ऑक्साइड NaO_2 भी) बनाते है। जब कि पोटेशियम, रूबीडियम तथा सीजियम सुपर ऑक्साइड (MO_2) बनाते है। अनुकूल परिस्थितियों में M_2O, M_2O_2 एवं MO_2 शुद्ध रूप मे बनाये जा सकते हैं धातु– आयनों का आकार बढ़ने के साथ– साथ परॉक्साइडों तथा सुपर ऑक्साइडों के स्थायित्व मे भी वृद्धि होती हैं इसका कारण जालक ऊर्जा प्रभाव (Lattice Energy Effect) के फलस्वरूप बडें ऋणायनों का बंउें धनायनों द्वारा स्थायित्व प्रदान करना है। ये ऑक्साइड सरलतापूर्वक जल अपघटित होकर हाइड्रॉक्साइड मे परिवर्तित हो जाते है।

$$M_2O + H_2O \rightarrow 2M^+ + 2OH^-$$
$$M_2O_2 + 2H_2O \rightarrow 2M^+ + 2OH^- + H_2O_2$$
$$2MO_2 + 2H_2O_2 \rightarrow 2M^+ + 2OH^- + H_2O_2 + O_2$$

शुद्ध अवस्था में ऑक्साइड एवं परॉक्साइड रंगहीन होते है। परंतु ऑक्साइड पीले रंग या नारंगी रंग के होते है। सुपर ऑक्साइड भी अनुचुम्बकीय (Paramagnetic) होते हैं अकार्बनिक रसायन मे सोडियम परॉक्साइड को ऑक्सीकारक के रूप में प्रयोग मे लाया जाता है।

ऑक्साइड तथा जल अभिकिया से प्राप्त हाइड्रॉक्साइड श्वेत किस्टलीय ठोस होते है। क्षार धातुओं के हाइड्रोक्साइड प्रबलतम क्षारक होते है। ये जल में अत्यधिक ऊष्मा के उत्सर्जन के साथ आसानी से घुल जाते है। जल में इनके घुलने का कारण तीव्र जलयोजन है। क्षार धातुओं के हैलाइड, MX,(X=F,CI,Br,I) उच्च गलनांक वाले रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस पदार्थ होते है। इन्हे उपयुक्त ऑक्साइड, हाइड्रॉक्साइड या कार्बोनेट की हाइड्रोहेलिक अम्ल (HX) के साथ अभिकिया करके बनाया जा सकता है। इन सभी हैलाइडो की संभवन एंथैल्पी उच्च ऋणात्मक होती है। क्षार धातुओं के फ्लुओराइडों के $\Delta_f H^-$ का मान वर्ग मे नीचे की ओर बढ़ने पर कम ऋणात्मक होता जाता है। जबकि इन क्षार धातुओं के क्लोराइड, ब्रोमाइड तथा आयोडाइड के $\Delta_f H^-$ का मान ठीक इससके विपरित होता है। किसी धातु विशेष के लिए $\Delta_f H^-$ का मान फ्लुओराइड से ब्रोमाइड तक हमेशा कम ऋणात्मक होता है।

गलनांक एवं क्वथनांक का क्रम हमेंशा फ्लुओराइड > क्लोराइड > ब्रोमाइड > आयोडाइड के अनुसार होता हैं ये सभी हैलाइड जल में घुलनशील होते है। जल में LiF की निम्न विलेयता इसकी उच्च जालक ऊर्जा (Latice Energy) के कारण तथा CsI की निम्न विलेयता इसकी CsI की निम्न विलेयता Cs^+ तथा I^- की निम्न जलयोजन ऊर्जा (Hydration Energy) के कारण हैं लीथियम के अन्य हैलाइड एथानॉल, ऐसीटोन और एथिल ऐसीटेट मे घुलनशील है। LiCI पिरीडीन में भी घुलनशील है।

ऑक्सो अम्लो के लवणः

ऑक्सो अम्ल वे होते है। जिनमें परमाणु पर अम्लय प्रोटॉन से युक्त हाइड्रॉक्सिल समूह होता है। उसी परमाणु पर ऑक्सों समूह जुडा रहता है। जैसे कार्बोनिक अम्ल $H_2CO_3[OC(CH0_2]$ सल्फ्यूरिक अम्ल, $H_2SO_4[O_2S(OH)_2]$ क्षार धातुऍ सभी ऑक्सों अम्लों के साथ लवण बनाते है। ये साधरणतया जल में घुलनशील होते है। तथा तापीय स्थायी होते है। इनके कार्बोनेटों (M_2CO_3) एवं हाइड्रोजन कार्बोनेट ताप के प्रति अधिक स्थाायित्व होता हैं चूंकि वर्ग में ऊपर से नीचे धनविधुतीय स्वभाव बढ़ता है। लीथियम कार्बोनेट ताप के प्रति अधिक स्थायी नही होता है। लीथियम का आकार छोटा होने के कारण यह बड़े ऋणायन CO^{2-}_3 को ध्रुवीत कर अधिक स्थायी Li_2O एवं CO_2 का विरचन करता है। इसके हाइड्रोजन कार्बोनेट का अस्तित्व ठोस अवस्था में नही होता है।

लीथियम का असंगत व्यवहार

निम्नलिखित कारणों से लीथियम का व्यवहार असंगत है।

(1) इसके परमाणु एवं आयन (Li^+) का असामान्य छोटा आकार, (2) उच्च ध्रुवण क्षमता (अर्थात आवेश/ त्रिज्या अनुपात) परिणामस्वरूप लीथियम यौगिकों की संहसयोजक प्रवृति अधिक होती है। इसी कारण ये कार्बनिक विलायकों में घुलनशील होते है। लीथियम मैग्नीशियम से विकर्ण संबंध दर्शाता है।

लीथियम एवं अन्य क्षार धातुओं में असमानताओं के मुख्य बिंदू :

- लीथियम अत्यधिक कठोर हैं इसका गलनांक एवं क्वथनांक अन्य क्षार धातुओं की तुलना में अधिक है।
- लीथियम की अभिक्रियाशीलता अन्य क्षार धातुओं की अपेक्षा सबसे कम है।, परंतु यह प्रबलतम अपचायक का कार्य करता है। वायु मे दहन के फलस्वरूप लीथियम मुख्यतः मोनोऑक्साइड (Li_2O) बनाता है। अन्य क्षार धातुओं के विपरित लीथियम नाइट्रोजन के साथ अभिक्रियाकरके नाइट्राइड (Li_3N) बना लेता है।
- LiCI प्रस्वेद्य (Deliquescent) हैं एवं हाइड्रेट $LiCi.2H_2O$ के रूप में क्रिस्टलीय होता है।, जबकि अन्य क्षार धातुओं के क्लोराइड हाइड्रेट नही बनाते है।
- लीथियम हाइड्रोजनकार्बोनेट ठोस अवस्था में प्राप्य नही है, जबकि अन्य क्षार धातु ठोस हाइड्रोजनकार्बोनेट बनाते है।
- लीथियम एथाइन (Ethyne) से अभिक्रिया ष्करके एथाइनाइड (Ethynide) नही बताता है। जबकि अन्य क्षार धातुऍ ऐसा करती है।
- लीथियम नाइट्रेट गरम करने पर लीथियम ऑक्साइंड Li_2O देता हैं जबकि अन्य क्षार धातूऍ नाइट्रेट विघटित होकर नाइट्राइट देती है।

$$4LiNO_3 \rightarrow 2Li_2O + 4NO_2 + O_2$$

$$2NaNO_3 \xrightleftharpoons{500^oC} 2NaNO_2 + O_2$$

$$2NaNO_2 + 2HCI \rightarrow 2NaCI + H_2O + NO_2 + NO$$

$$2NO + O_2 \rightarrow 2NO_2$$

$$4NaNO_3 \xrightleftharpoons{800^oC} 2Na_2O + 5O_2 + 2N_2$$

$$Na_2CO_3 + NO + NO_2 \rightarrow 2NaNO_2 + CO_2$$

- अन्य क्षार धातुओं के फ्लुओराइंड एवं ऑक्साइड की तुलना में LiF एवं Li_2O जल में कम विलेय है।

लीथियम एवं मैग्नीशियम मे समानताओं के बिदुंः

लीथियम एवं मैग्नीशियम मे समानताऍ मुख्य रूप से विचारणीय हे। इनके समान आकार के कारण ऐसा होता है। Li तथा Mg की परमाण्वीय त्रिज्या क्रमशः 152pm तथा 160pm हैं Li^+ तथा Mg^{2+} की आयनिक त्रिज्या क्रमशः 76pm एवं 72pm हैं लीथियम एवं मैग्नीशियम मे समानताऍ निम्न लिखित है।

- लीथियम एवं मैग्नीशियम अपने वर्गो की अन्य धातुओं की तुलना में कठोर तथा हल्की धातुऍ है।

- लीथियम एवं मैग्नीशियम जल के साथ धीमी गति से अभिक्रियाकरते है। इनके ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड बहुत कम घुलनशील है। हाइड्रॉक्साइड गरम करने पर विघटित हो जाते है। दोनो ही नाइट्रोजन से सीधे संयोग करके नाइट्राइड क्रमशः बनाते है।
- Li_2O एवं MgO ऑक्सीजन के आधिक्य से अभिक्रिया करके सुपर ऑक्साइड नही बनाते है।
- लीथियम एवं मैग्नीशियम धातुओं के कार्बोनेट गरम करने पर सरलतापूर्वक विघटित होकर उनके ऑक्साइड एवं CO_2 दोनो ही ठोस हाइड्रोजनकार्बोनेट नही बनाते है।
- LiCI एवं $MgCI_2$ एथेनॉल मे विलेय है।
- LiCI एवं $MgCI_2$ दोनो ही प्रस्वेद्य (Deluquescent) यौगिक है। ये जलीय विलयन से $LiCI.2H_2O$ एवं $MgCI_2.8H_2O$ के रूप में क्रिस्टलीकृत होते है।

वर्ग 2 के तत्वः क्षारीय मृदा धातुएँ

आवर्त सारणी के वर्ग 2 के तत्व है। बेरीलियम, मैग्नीशियम, कैल्सियम, स्ट्रान्शियम, बेरियम एवं रेडियम । बेरीलियम के अतिरिक्त अन्य तत्व संयुक्त रूप से मृदा धातुएँ कहलाती है।

० इलेक्ट्रॉनिक विन्यास

इन तत्वों के संयोजकता कोश s- कक्षक मे 2 इलेक्ट्रॉन होते है। इनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (उत्कृष्ट गैस) ns^2 होता है। क्षार धातुओं के समान ही इनके भी यौगिक मुख्यतः आयनिक प्रकृति के होते है।

० परमाण्वीय एवं आयनिक त्रिज्या

आवर्त सारणी के संगत आवर्तो मे क्षार धातुओं की तुलना में क्षारीय मृदा धातुओं की परमाण्वीय एवं आयनिक त्रिज्याएँ छोटी होती हैं इसका कारण इन तत्वों के नाभिकीय आवेशो मे वृद्धि होना है।

क्षारीय मृदा धातुओं के रासायनिक तथा भौतिक गुण

Property	Beryllium Be	Magnesium Mg	Calcium Ca	Strontium Sr	Berium Ba	Redium Ra
परमाणु क्रमांक	4	12	20	38	56	86
परमाणु द्रव्यमान (g mol^{-1})	9.01	24.31	40.08	87.62	137.33	226.03
इलेक्ट्रानिक विन्यास	[He] $2s^2$	[Ne] $3s^2$	[Ar] $4s^2$	[Kr] $5s^2$	[Xe] $6s^2$	[Rn] $7s^2$
आयनन एंथैल्पी (I) kJ mol^{-1}	889	737	590	549	503	509
आयनन एंथैल्पी (II) kJ mol^{-1}	1757	1450	1145	1064	965	979
ज्लयोजन एंथैल्पी (kJ/moI)	−2494	−1921	−1577	−1443	−1305	–
धात्विक त्रिज्या /pm	111	160	197	215	222	–
आयनिक त्रिज्या M^{2+}/pm	31	72	100	118	135	148
ग्लनांक / k	1560	924	1124	1062	1002	973
क्वथनांक /K	2745	1363	1767	1655	2078	(1973)
घनत्व /g cm^{-3}	1.84	1.74	1.55	2.63	3.59	(5.5)
मानक विभव $E^{(-)/}$ V for (M^{2+}/M)	−1.97	−2.36	−2.84	−2.89	−2.92	−2.92
स्थल मंडल मे प्राप्ती	2*	2.76**	4.6**	384*	390*	10^{-6*}

*ppm (Part Per million) **Percentage by weight

० आयन एंथैल्पी

क्षारीय मृदा धातुओं के परमाणुओं के बड़े आकार के कारण इनकी आयनन एंथैल्पी के मान न्यून होते है। चूकि वर्ग के आकार ऊपर से नीचे क्रमशः बढ़ता जाता है। अतः इनकी आयनन एंथैल्पी के मान कम होते जाते है। क्षारीय मृदा धातुओं के प्रथम आयनन एंथैल्पी का मान क्षार धातुओं के प्रथम आयनन एंथैल्पी के मानो की तुलना में अधिक है यह इनकी क्षार धातुओं की संगत तुलनात्मक रूप से छोटे आकार के होने के कारण होती है। परंतु यह देखना रूचिकर है। कि इनके द्वितीय आयनन एंथैल्पी के मान क्षार धातुओं के द्वितीय आयनन एंथैल्पी के मानो की तुलना में कम है।

० जलयोजन एंथैल्पी

क्षार धातुओं के समान इसमे भी वर्ग मे ऊपर से नीचे आयनिक आकार बढ़ने पर इनकी जलयेाजन एंथैल्पी के मान कम होते जाते है। $Be^{2+} > Mg^{2+} > Ca^{2+} > Sr^{2+} > Ba^{2+}$

क्षारीय मृदा धातुओं की जलयेाजन एंथैल्पी क्षार धातुओ की जलयोजन एंथैल्पी की तुलना में ज्यादा होती है। इसलिए क्षारीय मृदा धातुओं के यौगिक क्षार धातुओं के यौगिकों की तुलना में अधिक जलयोजित होते है। जैसे– $MgCI_2$ एवं $CaCI_2$

जलयोजित अवस्था $MgCI_2.\ 6H_2O$ एवं $CaCI_2.6H_2O$ में पाए जाते है। जबकि NaCI एवं KCI ऐसे हाइड्रेट नही बनाते है।

० भौतिक गुण

क्षारीय मृदा धातुएँ सामान्यतया चॉदी की भॉति सफेद, चमकदार एवं नरम, परंतु अन्य धातुओं की तुलना में कठोर होती है । बेरिलियम तथा मैग्नीशियम लगभग धूसर रंग [Greyish] के होते है। इनके गलनांक एवं क्वथनांक क्षार धातुओं की तुलना में उच्च होते है। क्योकि इनका आकार छोटा होता है। फिर भी इनके गलनांकों तथा क्वथनांकों मे कोई नियमित परिवर्तन नही दिखता है। निम्न आयनन एंथैल्पी के कारण ये प्रबल धन–विद्युतिय होते है। धन–विद्युतिय गुण ऊपर से नीचे Be से Be तक बढ़ता है। कैल्सियम, स्ट्रॉन्शियम एवं बेरियम ज्वाला को क्रमशः ईट जैसा लाल (Brick Red) रंग, किरमिजी लाल (Crimson Red) एवं हरा (Apple Green) रंग प्रदान करते है। ज्वाला मे उच्च ताप पर वाष्प अवस्था मे क्षारीय मृदा धातुओं के बाह्यतम कोश के इलेक्ट्रॉन

उत्तेजित होकर उच्च ऊर्जा स्तर पर चले जाते है। ये उत्तेजित इलेक्ट्रॉन जब पुनः अपनी तलस्थ अवस्थाा में लौटते है। तब दृश्य प्रकाश के रूप में ऊर्जा द्वारा इनका उत्तेजित होना कठिन हो जाता हैं । अतः ज्वाला मे इन धातुओं का अपना कोई अभिलाक्षणिक रंग नही होता है। गुणात्मक विश्लेषण में Ca, Sr एवंBa मूलकों की पुष्टि ज्वाला परीक्षण के आधार पर की जाती है । तथा इनकी सांद्रता का निर्धारण ज्वाला प्रकाशमापी द्वारा किया जाता है। क्षारीय मृदा धातुओं की क्षार धातुओं की तरह वैद्युत एवं ऊष्मीय चालकता उच्च होती है। यह इनका अभिलाक्षणिक गुण होाता हैं।

० रासायनिक गुण

क्षारीय मृदा धातुएँ क्षार धातुओ से कम कियाशील होती है। इन तत्वों की अभिकियाशीलता वर्ग मे ऊपर से नीचे जाने पर बढ़ती जाती है।

० वायु एवंज ल के प्रति अभिकियाशीलता :

बेरीलियम एवं मैग्नीशियम गतिकीय रूप से ऑक्सीजन तथा जल के प्रति निष्क्रिय है, क्योकि इन धातुओं के पृष्ठों पर ऑक्साइड की फिल्म जम जाती है। फिर भी बेरीलियम चूर्ण रूप स वायु जलने पर BeO एवं Be_3N_2 बना लेता है। मैग्नीशियम अधिक धनविद्युतिय हैं जो वायु मे अत्यधिक चमकीले प्रकाश के साथ जलते हुए MgO तथा Mg_3N_2 बना लेता है। कैल्सियम, स्ट्रॉन्शियम एवं बेरियम वायु से शीघ्र अभिकिया करके ऑक्साइड तथा नाइट्राइड बनाते है। ये जल से ओर भी अधिक तीव्रता से अभिकिया करते है। यहॉ तक कि ठडें जल से अभिकिया कर हाइड्रॉक्साइड बनाते है।

० हैलोजन के प्रति अभिकियाशीलताः

सभी क्षारीय मृदा धातुएँ हैलोजन के साथ उच्च ताप पर अभिकिया करके हैलाइड बना लेती है।

$$M+X_2 \rightarrow MX_2\ (X= F, CI,BR,I)$$

० हाइड्रोजन के प्रति अभिकियाशीलताः

बेरीलियम के अतिरिक्त सभी क्षारीय मृदा धातुएँ गरम करने पर हाइड्रोजन से अभिकिया करके हाइड्राइड बनाती है। BeH_2 को $BeCI_2$ एवं $LiAIH_4$ की अभिकिया से बनाया जा सकता है।

$$M+ 2HCI \rightarrow MCI_2 + H_2$$

० अपचायक प्रकृतिः

प्रथम वर्ग की धातुओं के समान क्षारीय मृदा धातुएँ प्रबल अपचायक है। इसका बोध इनके अधिक ऋणात्मक अपचयन विभव के मानों से होता है। यद्यपि इनकी अपचयन – क्षमता क्षार धातुओं की तुलना में कम होती हैं बेरीलियम के अपचयन विभव का मान अन्य क्षारीय मृदा धातुओं से कम ऋणात्मक होता है। फिर भी इसकी अपचयन क्षमता का कारण Be^{2+} आयन के छोटे आकार इसकी उच्च जलयेाजन ऊर्जा एवं धातु की उच्च परमाण्वीय करण एंथैल्पी का होना है।

० द्रव अमोनिया मे विलयनः

क्षार धातुओं की भॉति क्षारीय मृदा धातुएँ भी द्रव अमोनिया मे विलेय होकर गहरे नीले रंग का विलयन बना लेती है इस विलयन से धातुओं के अमोनिकृत आयन प्राप्त होते है।

$$M+ (x+y)NH_3 \rightarrow [M(NH_3)_X]^{2+} + 2[e(NH_3)_Y]^-$$

इन विलयनें से पुनः अमोनिएट्स (Ammoniates) $[M(NH_3)_6]^{2+}$ प्राप्त किए जा सकते है।

० क्षारीय मृदा धातुओं के यौगिकों के सामान्य अभिलक्षण :

वर्ग 2 के तत्वों की द्विधनीय ऑक्सीकरण अवस्था (M^{2+}) इनकी प्रमुख संयोजकता है। क्षारीय धातुओं के यौगिक प्रायः आयनिक होते हैं लेकिन यह क्षार धातुओं के संगत यौगिको की तुलना मे कम आयनिक प्रकृति के होते है। इसका कारण इनका अधिक नाभिकीय आवेश एवं छोटा आकार है। बेरीलियम एवं मैग्नीशियम के ऑक्साइड तथा अन्य यौगिक इस वर्ग के भारी और बडें

आकार वाले अन्य तत्वों (Ca, Sr, Ba) के ऑक्साइंडों एवं अन्य यौगिको की तुलना में अधिक सहसंयोजी होते है। क्षारीय मृदा धातुओं के यौगिको सामान्य अभिलक्षण यहॉ बताऍ जा रहे है।

० ऑक्साइड एवं हाइड्राक्साइड :

क्षारीय मृदा धातु वायु मे जलकर मोनोऑक्साइड(MO) बनाते है। जिनकी संरचना BeO आवश्यक रूप से सहसंयोजक प्रकृति का होता हे। इन यौगिकों की संभवन ऊष्माऍ उच्च होती है। यही कारण है। कि ये ऊष्मा के प्रति अति स्थायी होते है। BeO उभयधर्मी है। जबकि अन्य तत्वों के ऑक्साइड क्षारीय प्रकृति के होते है। जो जल से अभिक्रिया कर अल्प विलेय हाइड्रॉक्साइड बनाते है।

$$MO + H_2O \rightarrow M(OH)_2$$

इन हाइड्रॉक्साइडों की विलेयता, तापीय स्थायित्व एवं क्षारीय प्रकृति $Mg(OH)_2$ से $Ba(OH)_2$ तक परमाणु क्रमांक बढने पर बढती हे। क्षारीय मृदा धातुओ के हाइड्रॉक्साइडों तुलना मे कम स्थायी होते है। बेरीलियम हाइड्रॉक्साइड प्रकृति में उभयधर्मी है। क्योकि यह अम्ल तथा क्षार दोनो से अभिक्रिया करता है।

$$Be(OH)_2 + 2OH \rightarrow [Be(OH)_4]^{2-}$$

Beryliate ion

$$Be(OH)_2 + 2HCl + 2H_2O \rightarrow [Be(OH_2)_4]Cl$$

० हैलाइड :

बेरीलियम हैलाइड के अतिरिक्त अन्य धातुओं के हैलाइडों की प्रकृति आयनिक होती है। बेरीलियम हैलाइड मुख्य रूप से सहसंयोजक होते है। एवं कार्बनिक विलायको में विलेय होते है। बेरीलियम क्लोराइड की ठोस अवस्था में श्रृखंला संरचना होती है। जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।



वाष्प अवस्था में $BeCl_2$ क्लोरो सेतु (Chlorobridges) द्विलक बनाया गया है। जो 1200k के उच्च ताप पर रेखीय एकलक में वियोजित हो जाता है। वर्ग में ऊपर से नीचे हैलाइड हाइड्रेट बनाने की प्रवृति कम होती जाती है। Ca, Sr एवं Ba क जलयोजित क्लोराइड, ब्रोमाइड एवं आयोडाइडों का निर्जलीकरण इन्हे गरम करके किया जा सकता है। जबकि Be एंव Mg के संगत जलयोजित हैलाइड का जल अपघटन हो जाता है। उदाहरणार्थ $MgCl_2.8H_2O$, $CaCl_2.6H_2O$, $SrCl_2, 6H_2O$ एवं $BaCl_2.2H_2O$)उच्च जालक ऊर्जा के कारण फ्लुओराइड क्लोराइड की तुलना में कम विलेय होते है।

आक्सों अम्लों के लवण: क्षारीय मृदा धातुऍ ऑक्सों अम्लों के लवण भी बनाते है।

० कार्बोनेट : क्षारीय मृदा धातुओं के कार्बोनेट जल में विलेय होते है। जिन्हे इन तत्वों के विलेय लवणों के विलयन में सोडियम या अमोनियम कार्बोनेट विलयन मिलाकर अवक्षेपित किया जा सकता है। तत्व के परमाणु क्रमांक बढनें पर कार्बोनेट की जल में विलेयता बढती है। सभी कार्बोनेट गरम करने पर कार्बन डाईऑक्साइड एवं ऑक्साइड मे वियोजित हो जाते है। बेरीलियम कार्बोनेट अस्थायी होता है। जिसे केवल CO_2 के वातावरण मे रखा जा सकता है। कार्बोनेट का तापीय स्थायित्व धनायन का आकार बढने पर बढता है।

० सल्फेट : क्षारीय मृदा धातुओं के सल्फेट श्वेत एवं ठोस होते है। तथा ताप के प्रति स्थायी होते है। $BaSO_4$ एवं $MgSO_4$ शीघ्रता स जल में विलेय हो जाते है $CaSO_4$ से $BaSO_4$ तक विलेयता कम हो जाती है । Be^{2+} एवं Mg^{2+} आयनों की जलयोजन एंथैल्पी इनके जालक एंथैल्पी की तुलना में अधिक होती है। अतः इनके सल्फेट जल में विलेय होते है।

० नाइट्रेट : इन धातुओं के कार्बोनेटों को तनु नाइट्रिक अम्ल मे घोलकर इनके नाइट्रेड प्राप्त किए जाते है। मैग्नीशियम नाइट्रेट जल के छः अणुओं के साथ क्रिस्टलीय होता है। जबकि बेरीयम नाइट्रेट निर्जल लवण के रूप मे क्रिस्टलीय होता है। यह फिर बढते आकार के साथ घटती जलयोजन एंथैल्पी के कारण कम जलयोजित लवण बनाने की प्रवृत्ति को पुनः दर्शाता है। लीथियम नाइट्रेट के समान सभी नाइट्रेट गरम करने पर अपघटित होकर ऑक्साइड बनाते है।

$$2M(NO_3)_2 \rightarrow 2MO + 4NO_2 + O_2 \text{ (M= Be, Ca, Sr, Ba)}$$

बेरीलियम का असंगत व्यवहार:

वर्ग 2 का प्रथम तत्व बेरीलियम वर्ग में मैग्नीशियम तथा अन्य तत्वो के साथ असंगत व्यवहार दिखलाता है। यह एल्युमिनियम से विकर्ण संबंध भी दर्शाता है। तो तदन्तर विवेचन किए जायेगें।

- बेरीलियम का परमाण्वीय एवं आयनिक आकार असाधारण रूप से छोटा होता है। जिसकी तुलना वर्ग के अन्य तत्वों से नही की जा सकती है । उच्च आयनन एंथैल्पी तथा लघु परमाणु आकार के कारण बेरीलियम के यौगिक बृहद रूप से सहसंयोजी होती हैं तथा आसानी स जल अपघटित हो जाते है।
- बेरीलियम की उपसंहसंयोजन संख्या (Co – ordination Number) चार से अधिक नही होती है। क्योकि इसके संयोजी कोश मे केवल चार कक्षक है। वर्ग के अन्य सदस्यों की उपसंहसयोजन संख्या छः हो सकती है। क्योकि ये d कक्षकों का उपयोग करते है।
- अन्य सदस्यों के ऑक्साइड एवं हाइड्राक्साइड के विपरित बेरीलियम के ऑक्साइड तथा हाइड्रॉक्साइड का स्वभाव उभयधर्मी (Amphoteric) होता है।

बेरीलियम एवं एल्युमिनियम में विकर्ण संबंधः

Be^{2+} की अनुमानित आयनिक त्रिज्या 31pm है। इसका आवेश/त्रिज्या अनुपात AI^{3+} आयन के लगभग समान है। अतः बेरीलियम कुछ मामलो मे एल्युमिनियम के समान है कुछ समानताएँ निम्नलिखित है।

- एल्युमिनियम के समान बेरीलियम शीघ्रता से अम्लों से प्रभावित नही होता है। क्योकि धातु की सतह पर ऑक्साइड फिल्म की उपस्थिति होती है।
- क्षार क अधिकता मे बेरीलियम हाइड्रॉक्साइड घुल जाता है। और बेरीलेट (Beryllate) आयन $[Be(OH_4)]^{2-}$ देता है। ठीक इसी प्रकार एल्युमिनियम के क्लोराइड वाष्प प्रावस्था में सेतुबंधित क्लोराइड (Bridged Chloride) की रचना करते हैं। दोनो ही क्लोराइड कार्बनिक विलायकों मे विलेय होते है। एवं प्रबल लुइस अम्ल है। इनका उपयोग फ्रीडेल क्राफ्ट के उत्प्रेरक (Fridel Craft Catalyst) के रूप मे होता है।
- बेरीलियम एवं एल्युमिनियम आयन जाटिल यौगिक (Complexes) बनाने की प्रबल प्रवृत्ति रखते है जैसे BeF_4^{2-} , AIF_6^{3-}

सोडियम के यौगिकः

सोडियम ऑक्साइड (Na_2O) :

बनाने के विधियॉ :

- सोडियम के नाइट्राइड तथा नाइट्रेट का धात्विक सोडियम के साथ अपचयन द्वारा

$$2NaNO_3 + 10Na \rightarrow 6Na_2O + N_2 ; \qquad 2NaNO_2 + 6Na \rightarrow 4Na_2O + N_2$$

- सोडियम को वायु की निश्चित मात्रा के साथ $180°c$ ताप पर गर्म करने पर

$$Na + O_2 \rightarrow Na_2O$$

- जब सोडियम एजाइड तथा सोडियम नाइट्रेट के मिश्रण को गर्म किया जाता है। तब शुद्ध सोडियम ऑक्साइड बनता है।

$$3NaN_3 + NaNO_2 \rightarrow 2NaO_2 + 5N_2$$

गुण :

- यह एक सफेद अक्रिस्टलीय पदार्थ है। यह जल के साथ अग्र रूप से क्रिया कर NaOH बनाता है तथा अधिक मात्रा में ऊर्जा उत्सर्जित होती है।

$$Na_2O + H_2O \rightarrow 2NaOH$$

- $400°C$ ताप पर गर्म करने पर यह असमानुपातिक रूप से सोडियम पर ऑक्साइड तथा सोडियम धातु वाष्प बनाता है।

$$2Na_2O \xrightarrow{400°C} Na_2O_2 + 2Na$$

- द्रव अमोनिया के साथ अभिक्रिया

$$Na_2O + NH_3 \rightarrow NaNH_2 + NaOH$$

उपयोग : यह कार्बनिक रसायन मे निर्जलीकरण तथा बहुलकीकरण कारक के रूप में उपयोग मे आता है।

सोडियम परऑक्साइड (Na_2O_2)
बनाने की विधियॉ :

- यह सोडियम धातु को नमी से तथा CO_2 से मुक्त वायु के आधिक्य के साथ गर्म करने पर प्राप्त होता है। अथवा शुद्ध ऑक्सीजन के आधिक्य मे गर्म करने पर ।

$$2Na + O_2 \text{ (excess)} \xrightarrow{350^\circ C} Na_2O_2$$

- औधोगिक विधी: $2Na + ½\ O_2 \rightarrow NaO_2$; $Na_2O + 1/2 \rightarrow Na_2O_2$

गुण :

- यह पीले रंग का आद्रताग्राही, शुष्क वायु मे ऊष्मा के प्रति स्थायी, चूर्ण है।

खुला रखने पर, यह नमी तथा CO_2 के साथ अभिक्रिया करके सफेद चूर्ण मे परिवर्तित हो जाता है।

$$2Na_2O_2 + 2H_2O \rightarrow 4NaOH + O_2$$
$$2NaOH + CO_2 \rightarrow NaCO_3 + H_2O$$
$$2Na_2O_2 + 2CO_2 \rightarrow 2Na_2CO_3 + O_2$$

- जल के साथ क्रिया :

$$Na_2O_2 + 2H_2O \xrightarrow{\text{ठण्डा}} 2NaOH + H_2O_2;\ 2Na_2O_2 + 2H_2O \xrightarrow{\text{गर्म}} 4NaOH + O_2$$

- अम्ल के साथ क्रिया :

$$Na_2O_2 + H_2SO_4 \xrightarrow{\text{ठण्डा}} Na_2SO_4 + H_2O_2;\ 2Na_2O_2 + H_2SO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2Na_2SO_4 + 2H_2O + O_2$$

- CO तथा CO_2 के साथ अभिक्रिया :

$$Na_2O_2 + CO \longrightarrow Na_2CO_3;\ 2Na_2O_2 + 2CO_2 \longrightarrow 2Na_2CO_3 + O_2$$

- ऑक्सीकारक के रूप में :

(a) क्रोमिक यौगिक, क्रोमेट्स मे ऑक्सीकृत हो जाते है।

$$2Cr(OH)_3 + 3Na_2O_2 \longrightarrow 2Na_2CrO_4 + 2NaOH + 2H_2O$$

अथवा

$$2Cr(OH)_3 + 3O_2^{2-} \longrightarrow 2CrO_4^{2-} + 2OH^- + 2H_2O$$

(b) मेग्नस लवण, सोडियम मेग्नेट मे ऑक्सीकृत हो जाते है।

$$MnSO_4 + 2Na_2O_2 \longrightarrow Na_2MnO_4 + Na_2SO_4$$

टथवा

$$Mn(OH)_2 + 2O_2^{2-} \longrightarrow MnO_4^{2-} + 2OH^-$$

(c) सल्फाइड उनसे संबधित सल्फेट मे ऑक्सीकृत होते है।

$$Na_2S + 4O \longrightarrow Na_2SO_4$$

- जब C_6H_5COCI, Na_2O_2 के साथ अभिकृत होता है तो बेन्जोएल पर ऑक्साइड (विरंलक कारक) बनता है।

$$2C_6H_5COCI + Na_2O_2 \longrightarrow \underset{\text{बेन्जीन परऑक्साइड}}{(C_6H_5CO)_2O_2} + 2NaCI$$

- प्रबल ऑक्सीकारक, अम्लीकृत $KMnO_4$ अपचयित हो जाता है।

$$2MnO_4^- + 16H^+ + 5O_2^{2-} \longrightarrow 2Mn^{2+} + 8H_2O + 5O_2$$

- $Na_2O_2 + O_2 \xrightarrow[300atm]{450^\circ} 2NaO_2$

उपयोग :

- यह ऑक्सोन (oxone) के नाम से आक्सीजन गैस के उत्पादन मे उपयोग मे लाया जाता है।

- ब्लीचिग अभिकर्मक की तरह कार्य करता है।

० सोडियम हाइड्रोक्साइड (कास्टिक सोडा) (NaOH) :

बनाने की विधि:

यह निम्न मे से किसी एक विधि द्वारा सुविधा पूर्वक निर्मित किया जा सकता है।

(a) विधि, जिसमें Na_2CO_3 को प्रारम्भिक पदार्थ की तरह उपयोग में लाया जाता है।

- गॉसेज (gassage) प्रक्रम:

$$\rightleftharpoons$$

$Na_2CO_3 + Ca(OH)_2 \qquad CaCO_3 + 2NaOH$

इस विधि से प्राप्त कास्टिक सोडा शुद्ध नही होता है। तथा इसमें $CaCO_3$, Na_2CO_3 तथा $Ca(OH)_2$ अशुद्धियो के रूप में उपस्थित होती है।

- लोंविग का प्रकम (lowlg's process) :

$$Na_2CO_3 + Fe_2O_3 \xrightarrow{\text{लाल तप्त}} 2NaFeO_2 + CO_2$$

सोडियम फेराइट को ठण्डा करके गर्म जल मे मिलाया जात है। जहॉ सोडियम फेराइट का जल अपघटन होता है।

$$2NaFeO_2 + H_2O \longrightarrow 2NaOH + Fe_2O_3$$

- विधि, जिसमें सोडियम क्लोराइड प्रारम्भिक पदार्थ के रूप में उपयोग मे लाया जाता है।
निम्न सिद्धांत के अनुसार, सोडियम क्लोराइड विलियन का विद्युत अपघटन होता है।

$NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$; $\qquad H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$

विद्युत धारा प्रवाहित करने पर, Na^+ तथा H^+ आयन कैथोड कि ओर तथा Cl^- और OH^- आयन एनोड की ओर गति करते है। H^+ आयन का निरावेशन विभव Na^+ आयन से कम होता है इस प्रकार हाइड्रोजन आयन आसानी से निरावेशित हो जाता है। तथा H_2 गैस मुक्त होती है । इसी तरह से Cl^- आयन आसानी से निरावेशित हो जाता है। क्योकि इनका निरावेशन विभव OH^- आयन से कम होता है। अतः Cl_2 गैस एनोड पर मुक्त होती है।

$$2NaOH + Cl_2 \longrightarrow NaCl + NaClO + H_2O$$

इस समस्या के लिए विद्युत अपघटन सेल मे एनोड को कैथोड से सरन्ध्र डायफ्रोम अथवापारे के कैथोड का उपयोग कर पृथक रखा जाता है।

(a) मर्करी कैथोड सेल (कास्टनर कैल्नर सैल) :

इस सेल मे मर्करी सेल के तल में गतिमान होता है। तथा यह कैथोड बनाता हैं ब्राइन विलयन भी इसी दिशा में गतिमान होता है। तथा एनोड बहुत से ग्रेफाइट ब्लॉक से मिलकर बना होता है। (चित्र) (a) मे दर्शाये अनुसार) ब्राइन इस प्रकार विद्युत अपघटित होता है। कि उच्च वोल्टता पर, मर्करी कैथोड पर Na मर्करी के साथ अमलगम बनाकर प्रायीकता के साथ निरावेशित हो जाता है।



चित्र (a) "कास्टनर कैलनर सैल"

सोडियम अमलगम बाहर आकर, जल से अभिकृत होकर NaOH देता है।

$$2NaHg + 2H_2O \longrightarrow 2NaOH + 2Hg + H_2$$

पारे को सेल में पुनः उपयोग में लाया जाता है H_2 तथा Cl_2 दो मुख्य रूप से उपउत्पाद है।

(b) डायफ्राम सैल :

इस प्रकार के सेल में, एल्कली तथा क्लोरीन को एक डायफ्राम के उपयोग द्वारा पृथक किया जाता हैं विद्युत अपघटन कराने पर Cl_2 ग्रेफाइट एनोड पर मुक्त होती हैं तथा NaOH कैथोड के बाहरी फलक की ओर बनता है।



चित्र : (b) डायफ्राम सेल

(c) नैफ्यॉन मैम्ब्रेन (नैफ्यॉन झिल्ली) सेंलः

प्राकृतिक ब्राइन (NaCI), मैम्ब्रेन सेल में विद्युत अपघटित होता हैं जिसमें एनोड तथा कैथोड नैफ्यॉन (NAFION) झिल्ली द्वारा पृथक रहते हैं नेफ्यॉन, टेट्राफलोरोमिथाइलीन तथा पेन्टाफ्लोरो सल्फोनाइल इथोक्सी ईथर का बहुलक है।यह सहबहुलक टेफलॉन मेश (Teflon mesh) पर टिका होता है।

$$2NaCI(aq) + H_2O(\ell) \longrightarrow 2NaOH(aq) + H_2(g) + CI_2(g)$$

वर्तमान में नेफ्यॉन झिल्ली का उपयोग डायफ्राम के स्थान पर किया जाता है।

शुद्ध सोडियम हाइड्रोंक्साइड बनानाः

व्यवसायिक रूप से NaOH को एल्कोहल की सहायता से शुद्ध किया जाता हैं। NaOH, एल्कोहल में घुलनशील है। जबकि अशुद्धियों जैसे NaCI, Na_2CO_3, Na_2SO_4 आदि अघुनशील है। इसको छानकर, छनित का आसवन कर शुद्ध NaOH प्राप्त किया जाता है।

गुण :

- यह सफेद किस्टलीय ठोस हैं तथा यह साबुन समान हेाता है।
- इसका घनत्व 2.13 ग्रम/मिली. तथा गलनांक $318.4°c$ है।
- यह ज लमे अतिघुनशील हे। यह स्वाद में (क्षारीय) तीखे (खारे) हेाते है।
- यह प्रकृति मे आर्द्रता ग्राही होती है।
- उदासीनीकरण तथा जलअपघटन अभिकियाये, ऑक्सीकरण –अपचयन अभिकियाये नही है।

$3NaOH + H_3PO_4 \longrightarrow NaPO_4 + 3H_2O$; $NaOH + HNO_3 \longrightarrow NaNO_3 + H_2O$

- अम्लीय ऑक्साइड के साथ अभिकिया

$2NaH + CO_2 \longrightarrow Na_2CO_3 + H_2O$

$2NaOH + 2NO_2 \longrightarrow NaNO_2 + NaNO_3 + H_2O$; $2NaOH + SO_3 \longrightarrow Na_2SO_4 + H_2O$

- उभयधर्मी ऑक्साइड के साथ अभिकिया

$PbO + 2NaOH \longrightarrow Na_2PbO_2 + H_2O$; $PbO_2 + NaOH \longrightarrow Na_2PbO_3 + H_2O$

$SnO + 2NaOH \longrightarrow Na_2SnO_2 + H_2O$; $SnO_2 + 2NaOH \longrightarrow Na_2SnO_3 + H_2O$

- अधातुओं के साथ अभिकिया

(a) हैलोजन :

- ठण्डे तथा तनु NaOH के साथः

$2NaOH + Br_2 \longrightarrow NaBr + NaOBr + H_2O$

- गर्म तथा सान्द्र NaOH के साथः

$6NaOH + 3Br_2 \longrightarrow 5\ NaBr + NaBrO_3 + 3\ H_2O$

F_2 ठण्डे तथा तनु NaOH के साथ OF_2 देता हैं तथा गर्म व सान्द्र NaOH के साथ O_2 देता है।

(b) सफेंद फास्फोरस के साथ

$3\ NaOH + P_4 + 3H_2O \longrightarrow 3NaOH_2PO_2 + PH_3$

(C) सल्फर के साथ

$6NaOH + 4S \longrightarrow 2Na_2S + NA_2S_2O_3 + 3H_2O$

$*NaOH + H_2S \longrightarrow NaSH + H_2O$; $NaSH + NaOH \longrightarrow Na_2S + H_2O$

(d) बोरोन के साथ

$2B + 6NaOH \longrightarrow 2Na_3BO_3 + 3H_2$

(e) सिलिकॉन के साथ

$2NaOH + Si + H_2O \longrightarrow Na_2SiO_3 + 2H_2$

- उभयधर्मी धातुओं के साथ (जैसे की AI, Pb, Sn, Zn आदि)
  अभिक्रिया करके H_2 गैस मुक्त करता है।
  $4NaOH + 2H_2O + 2AI \longrightarrow 2NaAIO_2 + 3H_3$
  $6NaOH + 2AI \longrightarrow 2Na_3AIO_3 + 3H_2$; $Zn + NaOH \longrightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$
- उभधर्मी धातु के लवणों के साथ अभिक्रियाः
  लवण NaOH के आधिक्य मे विलेय हो जाते है।
  $SnCI_2 + 2NaOH \longrightarrow Sn(OH)_2 \downarrow$ (सफेद) $+ 2NaCI$
  $SN(OH)_2 + 2NaOH \longrightarrow Na_2SnO_2 + 2H_2O$

- Cr, Ni,Fe,Mn, Cu आदि के लवणों के साथ अभिक्रिया अविलेय हाइड्रोक्साइड बनाते है।
  अविलेय हाइड्रोक्साइडो से
  $CrCI_3 + 3NaOH \longrightarrow Cr(OH)_3 \downarrow$ (हरा) $+ 3NaCI$
  $CuCI_2 + 2NaOH \longrightarrow Cu(OH)_2 \downarrow$ (नीला) $+ 2NaCI$

- अमोनिया लवणो के साथ अभिक्रिया :
  $HgCI_2 + 2NaOH \longrightarrow Hg(OH)_2 \downarrow + 2NaCI$; $HG9OH)_2 \longrightarrow HgO \downarrow$ (yellow or brown) $+ H_2O$
  $2AgNO_3 + 2NaOH \longrightarrow 2AgOH + 2NaNO_3$; $2AgOH \longrightarrow Ag_2O \downarrow$ (black) $+ h_2O$

- अमोनिया लवणों के साथ अभिक्रिया :
  $(NH_4)_2 SO_4 + NaOH \xrightarrow{\Delta} Na_2SO_4 + 2NH_3 + 2H_2O$
  $*6NaOH + 2[Co(NH_3)_6] CI_3 \longrightarrow 12NH_3 + Co_2O_3 + 3NaCI + 3H_2O$

- कार्बनमोनोऑक्साइड के साथ अभिक्रिया :
  $NaOH + CO \xrightarrow[5-10atm]{150-200°C} HCOONa$

- **सोडियम कार्बोनेट अथवा वांशिग सोडा ($Na_2CO_3.10H_2O$) :**

बनाने की विधियॉ :

- सॉल्वे, अमोनिया सोडा प्रकम द्वारा
  इसमे निम्न पद शामिल होते है।

(a) CO_2 तथा अमोनिया द्वारा ब्राइन का संतृप्तिकरण (अमोनिया अवशोषक) :
$2NH_3 + CO_2 + H_2O \longrightarrow (NH_4)_2 CO_3$
$CaCI_2 + (NH_4)_2 CO_2 \longrightarrow CaCO_3 \downarrow + 2NH_4CI$; $MgCI_2 + (NH_4)_2CO_3 \longrightarrow MgCO_3 \downarrow + 2NH_4CI$
अमोनिकृत ब्राइन को छाना जाता है। जिसमें Ca तथा Mg की अशुद्धियॉ इनके अघुलनशील कार्बोनेट के रूप में पृथक हो जाती है।

(b) अविलेय $NaHCO_3$ का निर्माण (कार्बोनिकरण स्तम्भ) :
$NH_3 + CO_2 + H_2O \longrightarrow NH_4HCO$; $NH_4HCO_3 + NaCI \xrightarrow{30°C} NaHCO_3 + NH_4CI$
अभिक्रिया ऊष्माक्षेपी होती है। अतः यहॉ शीतलन की व्यवस्था होती है।
$NaHCO_3$ ठण्डें ब्रांइन मे अविलेय हे। इसे फिल्टर कर पृथक किया जा सकता है। तथा छनित को NH_3 तथा CO_2 को पुनः प्राप्त करने के उपयोग मे लाया जाता है।

(c) सोडियम कार्बोनेट प्राप्त करने के लिए निस्थापनः
$2NaHCO_3 \xrightarrow{150°C} Na_2CO_3 + CO_2 + H_2O$

(d) NH_4 तथा CO_2 को पुनः प्राप्त करना (रिकवरी स्तम्भ) :
$NH_4HCO_3 \xrightarrow{\Delta} NH_3 + CO_2 + H_2O$ $\quad$ $2NH_4CI + Ca(OH)_2 \xrightarrow{\Delta} 2NH_3 + 2H_2O + CaCI_2$

$CaCI_2$ उपउत्पाद के रूप में बनता है।

(e) CO_2 का निर्माण (लाइम किन्) (चूना भटटी)

$CaCO_3 \xrightarrow{1375K} CaO + CO_2$

$CaO + H_2O \longrightarrow Ca(OH)_2$ (बुझा चूना)

- **ली ब्लॉक प्रक्रम :**

इसमे निम्न चरण है।

(a) $NaCI + H_2SO_4$ (सान्द्र) $\xrightarrow{\Delta}$ $NaHSO_4$ (लवण केक) + HCI

(b) $NaHSO_4 + NaCI \xrightarrow{\Delta} + Na_2SO_4 + HCI$

(c) $NA_2SO_4 + CaCO_3 + 4C \xrightarrow{\Delta} \underbrace{Na_2CO_3 + CaS} + 4CO$

(d) ब्लेक ऐश (Black Ash) में 45% Na_2CO_3 होता है जो जल के साथ परिष्कृत किया जाता है। जिसमें Na_2CO_3 विलेय हो जाता है तथा अघुलनशील अशुद्धि शेष रह जाती है यह अशुद्धियॉ क्षारीय स्लज् (sludge or waste) कहलाती है।

गुण :

- यह सफेद ठोस क्रिस्टलीय पदार्थ हैं यह बहुत स जलयेाजित रूपों मे पाया जाता है। डेका हाइड्रेटेट, $Na_2CO_3.10H_2O$ वांशिग सोडा कहलाता है डेकाहाइड्रेट को वायु में खुला रखने पर इसके क्रिस्टल जल का अधिकांश भाग वायुमण्डल मे चला जाता हैं ($Na_2CO_3.H_2O$) इसे मोनो हाइड्रेट कहते है।
- यह जल में विलेय हैं जल अपघटन के कारण विलयन की प्रकृति क्षारीय होती है।

$Na_2CO_3 + 2H_2O \Leftrightarrow 2NaOH + H_2CO_3$



कुछ धातु लवणाों कके विलयनों से बाइकार्बोनेट, सामान्य कार्बोनेट को अवक्षेवित करता है। जबकि कार्बोनेट , क्षारीय कार्बोनेट को अवक्षेवित करता है।

$MgCI_2 + NaHCO_3 \longrightarrow MgCO_3 \downarrow + 2NaCI + CO_2 + H_2O$

$MgCI_2 + 2Na_2CO_3 + H_2O \longrightarrow MgCO_3 . Mg(OH)_2 \downarrow + 4NaCI + CO_2$

- **सोडियम बाइकार्बोनेट (बेंकिग सोडा) $NaHCO_3$:**

यह सॉल्वे अमोनिया सोडा प्रक्रम मे मध्यवर्ती उत्पाद के रूप मे प्राप्त होता है। सामान्य कार्बोनेट, इनके संतृप्त विलयन से CO_2 गैस प्रवाहित करनेपर बाई कार्बोनेट मे परिवर्तित हो जाते है।

$Na_2CO_3 + CO_2 + H_2O \longrightarrow 2NaHCO_3$

गुण:

यह सफेद क्रिस्टलीय जल मे घुलनशील ठोस है ।विलयन की प्रकृति , जल अपघटन के कारण क्षारीय होती है। विलयन दुर्बल क्षारीय होता है।

$NaHCO_3 + H_2O \rightleftharpoons NaOH + H_2CO_3$

विलयन, मेथिल औरेंज के साथ पीला रंग देता हैं परन्तु फिनोपथेलीन के साथ कोई रंग नही देता है। गर्म करने पर यह जल तथा CO_2 को त्याग कर सोडियम कार्बोनेट बनाता है।

$2NaHCO \longrightarrow Na_2.CO_3 + H_2O + CO_2$

उपयोग :

यह विस्तृत रूप से बेंकिग पाउडर बनाने मे उपयोगी हैं । बेंकिग पाउडर , पोटेशियम हाइड्रोजन टार्टरेट तथा सोडियम बाई कार्बोनेट का मिश्रण है।

सोडियम सल्फेट ($Na_2SO_4.10H_2O$)

यह 'ग्लोबर लवण' के नाम से भी जाना जाता है।

बनाने की विधि :

- सान्द्र H_2SO_4 के साथ NaCI को गर्म करने पर –

  $2NaCI + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + 2HCI$

- हौराग्रिव्स विधि:

  $4NaCI\ (\text{शुष्क}) + 2SO_2\ (\text{गैस}) + 2H_2O\ (\text{गैस}) + O_2\ (\text{गैस}) \longrightarrow 2Na_2SO_4 + 4HCI$

गुण :

- यह सफेद क्रिस्टलीय ठोस हैं तथा शुष्क वायु मे उत्फुलनता दर्शाता है। तथा अनाद्र सोडियम सल्फेट बनाता है।
- यह कार्बन के साथ गर्म करने पर , सोडियम सल्फाइड मे अपचायित हो जाता है।

  $Na_2SO_4 + 4C \longrightarrow Na_2S + 4CO \uparrow$
- यह सान्द्र H_2SO_4 के साथ्ज्ञ अभिकृत होकर सोडियम बाइ सल्फेट बनाता है। तथा धातु लवणों के साथ अभिकृत होकर धातु सल्फेट बनाता है।

  $Na_2SO_4 + H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4$

  $BaCI_2 + Na_2SO_4 \longrightarrow BaSO_4 \downarrow + 2NaCI$; $Pb(NO_3) + Na_2SO_4 \longrightarrow PbSO_4 \downarrow + 2NaNO_3$

• माइक्रोकोस्मिक लवण ($Na(NH_4)HPO_4$):

जब NH_4CI तथा Na_2HPO_4 को 1:1 अनुपात मे गर्म ज लमे विलेयकर ठण्डा किया जाता हैं तब इसके क्रिस्टल प्राप्त होते है।

$NH_4CI + Na_2HPO \longrightarrow Na(NH_4)HPO_4 + NaCI.$

गर्म करने पर $NaPO_3$ बनाता है। $NaPO_3$ सक्रमण धातु ऑक्साइड के साथरंगीन मनका बनता है।

$Na(NH_4)HPO_4 \xrightarrow{\Delta} NaPO_3 + H_2O + NH_3$

$N_2 + H_2 \longrightarrow NH_3 \xrightarrow{HCI} NH_4CI \xrightarrow{Na_2HPO_4}$



पोटेशियम के यौगिक :

• ऑक्साइड :

ऑक्साइड : पोटेशियम के निम्न ऑक्साइड ज्ञात है।

(a) पोटेशियम मोनो ऑक्साइड K_2O (b) पोटेशियम सुपर ऑक्साइड KO_2
(c) पोटेशियम सरक्यूऑक्साइड K_2O_3 KO_2

बनाने की विधि :

- नमी से मुक्त O_2 की अधिकता मे पोटेशिय को जलाने पर इसे बनाया जा सकता है।

$K + O_2 \longrightarrow KO_2$;

$2KOH + O_3 \longrightarrow 2KO_2 + H_2O$

गुण :

- यह क्रोम यलो (chrome yellow) रंग का चूर्ण है। तथा निम्न अभिक्रिया करता है।

$2KO_2 + 2H_2O \longrightarrow 2KOH + H_2O_2 + O_2$

- यह CO तथा CO_2 के साथ सीधे अभिक्रिया करता है।

$2KO_2 + CO \longrightarrow K_2CO_3 + O_2$; $2KO_2 + CO_2 \longrightarrow K_2CO_3 + 3/2\ O_2$

CO_2 यदि आधिक्य मे हो ।

- सल्फर के साथ गर्म करने पर यह पोटेशियम सल्फेट बनाता है।

$2KO_2 + S \longrightarrow K_2SO_4$

उपयोग :

यह ऑक्सीकारक के रूप में अन्तरिक्ष यानो मे वायु शुद्धिकरण के रूप में उपयोग मे लाया जाता है। दोनो O_2 उत्पन्न करते है। तथा CO_2 हटाते है।

(b) पोटेशियम सिस ऑक्साइड (K_2O_3):

बनाने की विधि : जब पोटेशियम युक्त द्रव अमोनिया मे O_2 गैस प्रवाहित की जाती है।

$4K$ (द्रव NH_3 मे घुलित) $\xrightarrow{3O_2} 2K_2O_3$

• पोटेशियम हाइड्रोक्साइड (KOH) :

यह KCI विलयन के वैद्युत अपघटन द्वारा बनता है।

$2KOH + 4NO \longrightarrow 2KNO_2 + N_2O + H_2O$

$4KOH + 6NO \longrightarrow 4KNO_2 + N_2 + 2H_2O$

यह CO_2' SO_2 आदि गैसो के अवशोषण मे उपयोग मे लाया जाता है। हय कास्टीक पोटाश कहलाता है। तथा इसका जलीय विलयन पोटोश लाइ, (potash lye) कहलाता है। यह मृदु (soft) साबुन बनाने मे उपयोगी है।

• पोटेशियम कार्बोनेट (पोटाश अथवा पर्लएश K_2CO_3) :

बनाने की विधि :

- Le – Blanc (ली– ब्लॉक) विधि द्वारा :

$KCI + H_2SO_4 \longrightarrow KHSO_4 + HCI$; $KHSO_4 + KCI \longrightarrow K_2SO_4 + HCI$

$K_2SO_4 + CaCO_3 + 2C \longrightarrow K_2CO_3 + CaS + 2CO_2$

- प्रीचेस्ट्स विधि :

(a) $2KCI + 3(MgCO_3.\ 3H_2O) + CO_2 \longrightarrow 2(MgCO_3.\ KHCO_3.\ 4H_2O) + MgCI_2$

(b) $2(MgCO_3.\ KHCO_3.4H_2O) \xrightarrow{140°C} 2MgCO_3 \downarrow + K_2CO_3 + 9H_2O + CO_2$

अथवा

$2(MgCO_3.\ KHCO_3.4H_2O) + MgO \xrightarrow{20°C} 3(MgCO_3.\ 3H_2O) \downarrow + K_2CO_3$

K_2CO_3 तथा Na_2CO_3 का मिश्रण गलन मिश्रण के रूप मे प्रयोगशाला मे उपयोगी है।

• पोटेशियम सल्फेट (K_2SO_4)

बनाने की विधि :

$2KCI + H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + 2HCI$; $2KOH + H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + 2H_2O$;

- K_2SO_4 ; $MgSO_4\ .\ 6H_2O + 2KCI \longrightarrow 2K_2SO_4 + MgCI_2 + 6H_2O$

गुण :
यह सफेद क्रिस्टलीय ठोस और पानी मे विलेय हैं इसका उपयोग तम्बाकू और गेहू में उर्वरक की तरह होता है।

मैग्नीशियम के यौगिक :

- **मैग्नीशियम ऑक्साइड और अमोनिया (MgO) :**

बनाने की विधि :
यह निम्न अभिक्रियाएँ द्वारा बनाया जा सकता है।

$$2Mg + O_2 \xrightarrow{\text{जलाना}} 2MgO \; ; \quad Mg(OH)_2 \xrightarrow{\text{गर्म जलाना}} MgO + H_2O$$

$$2Mg(NO_3)_2 \xrightarrow{\text{गर्म करना}} 2MgO + 4NO_2 + O_2 \; ; \quad MgCO_3 \xrightarrow{\text{गर्म करना}} MgO + CO_2$$

गुण :

- यह ज लमे आशिंक घुलनशील हैं तथा मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड बनाता है।

$$MgO + H_2O \longrightarrow Mg(OH)_2$$

- इसकी प्रकृति क्षारीय हैं यह अम्ल`स अभिक्रिया करके संबधित लवण बनाते है।

$$MgO + 2HCl \longrightarrow MgCl_2 + H_2O$$

- यह कार्बन द्वार उच्च ताप पर अपचायित हो जाता है।

$$MgO + C \longrightarrow Mg + CO$$

☞ जब मैग्नीशियम ऑक्साइड को $MgCl_2$ के संतृप्त विलयन मे मिलाया जाता है। तब यह मिश्रण सीमेन्ट समान दृढ द्रव्यमान (कठोर) (hard mass) मे परिवर्तित हो जाता हैं इसे मैग्नीशीया सीमेन्ट अथवा सोरेल सीमेन्ट (sorel' cement) कहा जाता है। इसका संगठन $MgCl_2 . 5MgO . XH_2O$ है।

- **मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड $[Mg(OH)_2]$**

बनाने की विधि :

- $MgO + H_2O \longrightarrow Mg(OH)_2$
- $MgCl_2 + Ca(OH)_2 \longrightarrow Mg(OH)_2 + CaCl_2$
- $MgCl_2 + 2NaOH \longrightarrow Mg(OH)_2 + 2NaCl$

गुण :
यह एक सफेद चूर्ण हैं यह जल में आशिंक घुलनशील है। इसकी प्रवृति क्षारीय है तथा यह अम्ल के साथ लवण बनाता है।

$$Mg(OH)_2 + 2NH_4Cl \rightleftharpoons MgCl_2 + 2NH_4OH$$

यह गर्म करने पर विघटित हो जाता है। यह प्रबल विलयनों मे तीव्रता से घुल जाता है।
उपयोग :
जल में $(Mg(OH)_2$ का निलम्ब , चिकित्सा मे एन्टाएसीड के रूप मे उपयोग मे लाया जाता है। जिसे मिल्क ऑफ मैग्नेशीया (मैग्नेशीया का दुग्ध) नाम दिया गया है।

- **मैग्नीशियम कार्बोनेट ($MgCO_3$) :**

बनाने की विधि :

- मैग्नीशियम लवण के गर्म विलयन मे सोडियमबाइ कार्बोनेट विलयन मिलाने पर इसे बनाया जा सकता है।

$$MgSO_4 + 2NaHCO_3 \longrightarrow MgCO_3 + NaSO_4 + H_2O + CO_2$$

- जब CO_2 गैस को क्षारीय कार्बोनेट मैग्नीशियमबाईकार्बोनेट मे से प्रवाहित करे तथा उसे गर्म करे तो $MgCO_3$ बनाता है।

$$2MgSO_4 + 2Na_2CO_3 + H_2O \longrightarrow MgCO_3 . Mg(OH)_2 + 2Na_2SO_4 + CO_2$$

$$MgCO_3.Mg(OH)_2 + 3CO_2 + H_2O \longrightarrow 2Mg(HCO_3)_2 \; ; \; Mg(HCO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} MgCO_3 + H_2O + CO_2$$

गुणधर्म :

- यह CO_2 युक्त (आधिक्ता में) ज लमे तेली से घुलता है।

$$MgCO_3 + CO_2 + H_2O \longrightarrow Mg(HCO_3)_2$$

- यह अम्ल मे विलेय होकर लवण बनाता है तथा CO_2 गैस निकासित करता है।

$MgCO_3 + 2HCI \longrightarrow MgCI_2 + H_2O + CO_2$

गर्म करने पर, यह CO_2 निष्कासन के साथ विघटित हो जाता है।

- यह क्षारीय कार्बोनैट के साथ द्विक कार्बोनेट बनाता है।

$MgCO_3 \longrightarrow Na_2CO_3 \longrightarrow Na_2Mg(CO_3)_2$ विलेय

- **मैग्नीशियम क्लोराइड $(MgCI_2.6H_2O)$:**

बनाने की विधि :

इसे कार्नेलाइट खनिज द्वारा निष्कार्सित किया जा सकता है खनिज को गलाकर $176°c$ तक ठण्डा किया जाता हैं जब समस्त KCI निक्षेपित हो जाता है। जबकि $MgCI_2.6H_2O$ गलित अवस्था मे शेष बचा रहता है।

गुण : यह एक रंगीन किस्टलीय ठोस हैं जोकि उच्च नमी अवशोषक तथा जल में अतिघुलनशील है।



- **मैग्नीशियम सल्फेट $(MgSO_4 . 7H_2O)$**

यह प्रकृति मे कैसीराइट $(MgSO_4.H_2O)$ इप्सम लवण $(MgSO_4 .7H_2O)$ तथा कैनाइट $(KCI.MgSO_4.3H_2O)$ के रूप मे पाया जाता हैं।

बनाने की विधि :

इसे मेग्नेसाइट $(MgCO_3)$ अथवा डोलोमाइट की क्रिया तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ कराने पर बनाया जाता है।

$MgCO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow MgSO_4 + H_2O + CO_2$

$MgCO_3 .CaCO_3 + 2H_2 SO_4 \longrightarrow MgSO_4 + CaSO_4 + 2CO_2 + 2H_2O$

(Dolomite) (inso luble)

गुण :

- **ऊष्मा का प्रभाव :**

जब इसे $150°c$ तक गर्म किया जाता है। तब यह मोनो हाइड्रेट मे परिवर्तित हो जाता है। $200°c$ आगे तब गर्म करने पर यह अनार्द्र हो जाता है। तथा प्रबलता से गर्म करने पर यह MgO मे विघटित हो जाता है।

$MgSO_4 .7H_2O \xrightarrow{150°C} MgSO_4.H_2O \xrightarrow{200°C} MgSO_4 \xrightarrow[\text{ऊष्मा}]{\text{प्रबल}} MgO + SO_2 + ½\ O_2$

- $800°C$ ताप पर मैग्नीशियम सल्फेट कार्बन द्वारा अपचायित हो जाता है।

$2MgSO_4 + C \longrightarrow 2MgO + 2SO_2 + CO_2$

कैल्शियम के यौगिक :

- **बिना बुझा चूना, स्लेकड् लाइम (बूझा चूना), लाइमवाटर (चूने का पानी)**





- **कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) :**

बनाने की विधि :

चूने का पानी मे CO_2 गैस प्रवाहित करके इसे प्राप्त किया जा सकता है। अथवा $CaCI_2$ तथा Na_2CO_3 विलयन मिलाकर प्राप्त किया जा सकता है।

$Ca(OH)_2 + CO_2 \longrightarrow CaCO_3 + H_2O$

$CaCI_2 + Na_2CO_3 \longrightarrow CaCO_3 + 2NaCI$

